HINDUSTAN PAGE 7

एलयू में सीसीएल की ट्रॉफी इंजीनियर्स क्लब ने जीती

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

प्रस्तुतियों से झूमा लविवि का आंगन

स्थापना दिवस सप्ताह के तहत रंगारंग आयोजनों संग हुईं गोष्ठियां



प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस पद के लिए आवेदन शुरू

प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के लिए करें आवेदन

डॉ. अभिषेक को साइंटिस्ट ऑफ द ईयर अवार्ड

i-NEXT PAGE 4

बैंड और बांसुरी की धुन का कमाल

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : रूबरू बैंड और बांसुरी की धुन बजाकर विद्यार्थियों ने बांधा समां

डा. अभिषेक को मिला अवार्ड

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि में फाउंडेशन डे फिएस्टा का धूमधाम से आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के जूलॉजी विभाग ने आज अपने फाउंडेशन डे फिएस्टा का आयोजन बड़े उत्साह और रचनात्मकता के साथ किया। यह आयोजन विभाग की स्टूडेंट्स जूलॉजिकल सोसाइटी ₹श्ळअछर₹ द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें मनोरंजन, प्रतिस्पर्धा और सौहार्द का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उत्सव में फिश बाउल, गेस द एनिमल साउंड, फ्लिप द बॉटल, डार्ट बोर्ड गेम, और रिंग थ्रोइंग जैसे मनोरंजक खेलों के साथ-साथ बैडमिंटन, म्यूजिकल चेयर, खो-खो, और मजेदार ऑक्टोपस रेस जैसे खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खाने और आइसक्रीम के स्टॉल्स ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया, जहाँ प्रतिभागी खेलों के बीच स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सके। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य आयोजकों अश्विन, ज्योति, रोहित, नरसिंह, वंदिता, अकार्षिका, और प्रिंस, और सह-आयोजकों सौम्या, सुप्रिया, अंजलि, सना, अंकिता, प्रांजना, अशुमिता, जीनत, रूपा, अमृता, प्राची, पल्लवी, याशी, प्रत्युष, पुष्पराज, जितेंद्र, सारा, अतीबा, शाश्वत, प्रशांत, सिमांती, कृतिका, मित्रसेन, और सैफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खेलों को सफलतापूर्वक संचालित करने में सर्वज्ञ और स्वाति का विशेष योगदान रहा। जूलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम. सिराजुद्दीन ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें वर्षभर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया। विभाग के अन्य प्रख्यात शिक्षक, जैसे प्रो. अमिता कन्नौजिया, प्रो. मोनीषा बनर्जी, प्रो. शैली मलिक, प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. अमित त्रिपाठी, और डॉ. मनोज कुमार ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन विजेताओं को पुरस्कार और ट्रॉफी वितरित करने के साथ हुआ। फाउंडेशन डे फिएस्टा ने विभाग की ऊर्जा और उत्साह को प्रदर्शित किया।

जलवायु परिवर्तन पर गंभीर विचार जरूरी : प्रो. श्रीवास्तव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के भौतिकी विभाग में 104वें स्थापना दिवस सप्ताह के अवसर पर एक महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध विद्वान और राष्ट्रीय उन्नत अध्ययन संस्थान बेंगलुरु में वरिष्ठ प्रोफेसर दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने 'जलवायु परिवर्तन एवं उपलब्ध ऊर्जा विकल्प' पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रोफेसर लीना सिन्हा ने प्रोफेसर श्रीवास्तव का परिचय देते हुए उनका विभाग में स्वागत किया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रसाद ने पुष्पगुच्छ देकर प्रोफेसर श्रीवास्तव का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को आधुनिक विज्ञान और तकनीकी मुद्दों से अवगत कराने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान न केवल जानकारीपूर्ण होते हैं, बल्कि परिवर्तनकारी भी होते हैं, क्योंकि ये सामाजिक व्यवहार में बदलाव लाते हैं और आधुनिक अनुसंधान को नए दिशा और आयाम प्रदान करते हैं। प्रोफेसर श्रीवास्तव ने जलवायु परिवर्तन और उसके समाधान के लिए ऊर्जा के विभिन्न विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे जलवायु परिवर्तन ने हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित किया है और यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो पृथ्वी पर जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव आ जाएगा।

- लविवि में जलवायु परिवर्तन और उपलब्ध ऊर्जा विकल्प पर हुई चर्चा

सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने दिखायी प्रतिभा

लखनऊ। लखनऊ विश्विद्यालय के 104 वे फाउंडेशन सप्ताह में शनिवार को रूबरू बैंड ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति की जिसमें छात्रा स्वर्णिम ने बांसुरी पर कृष्णा धुन बजा कर कार्यकम का शुभारंभ किया, तत्पश्चात विदेशी छात्रा, श्री लंका की मयूरी ने मेरे ढोलना गा कर सबका मन मोह लिया, कार्यकम में देव वर्मा ने सादगी, शाश्वत दीक्षित ने आदत, अदिति सिंह ने भरे नैना, नंदिनी सहाय ने सत्यम शिवम सुंदरम, वंदना चौधरी ने उड़ी, कार्तिकेय ने गुलाबी आँखें इत्यादि गाने प्रस्तुत किए, कार्यकम का समापन वेदांशु धीमान ने ये दिल गा कर किया, बैंड में ढोलक और तबला पर कुशाग्र पांडेय, शुभम कुमार, गिटार पर अभिन्न श्याम तिवारी, विशाल सिंह, अनंत राज सिंह ने संगत दो। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रोफ आलोक कुमार राय ने कार्यकम का मान बढ़ाया, रूबरू बैंड की दो वर्ष बाद निदेशक सांस्कृतिकी प्रोफेसर अंचल श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुआ जिसका संयोजन प्रोफेसर रोली मिश्र थे डॉ गरिमा सिंह ने किया।

काकोरी ट्रेन एक्शन की स्मृति में लविवि में निबंध लेखन प्रतियोगिता

लखनऊ। काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी वर्ष की स्मृति में तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के 104वें स्थापना दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। काकोरी ट्रेन एक्शन की ऐतिहासिक घटना को उजागर करने के लिए विभाग के विद्यार्थियों ने निबंध लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष एव संकायाध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश कुमार ने की। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय कीशिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्षा प्रोफेसर चंदना डे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रियंका राज, प्रियंका द्विवेदी एवं अनुपम राजौरिया द्वारा लिखे गए सर्वश्रेष्ठ निबंधों को पुरस्कृत किया। प्रोफेसर दिनेश कुमार ने काकोरी ट्रेन एक्शन की आजादी में ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे इसी प्रकार से विभाग में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक भाग ले। इस दौरान कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. किरण लता डंगवाल एवं डॉ. नीतू सिंह ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन विभाग के शोधार्थी जय प्रकाश, मोइनुद्दीन तथा श्रुति द्वारा किया गया।

लविवि में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

लखनऊ। लविवि के वनस्पति विज्ञान विभाग ने शनिवार को विश्वविद्यालय के 104वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। ये कार्यक्रम माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के संरक्षण और विभागाध्यक्ष प्रोफेसर गौरी सक्सेना के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए। समारोह के अंतर्गत संगीत कुर्सी प्रतियोगिता और नींबू-चम्मच दौड़ जैसे रोचक खेल शामिल थे, जो विभाग के सुरम्य उद्यान में संपन्न हुए। इन खेलों में स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगीत कुर्सी प्रतियोगिता में कुल 39 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें क्षितिज प्रताप सिंह विजेता रहे, और खुशी जैन उपविजेता रहीं। वहीं, 32 प्रतिभागियों के साथ आयोजित नींबू-चम्मच दौड़ में आर्यन सिंह विजेता घोषित किए गए।

लविवि में पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग द्वारा विश्वविद्यालय की 104 वीं स्थापना दिवस के अवसर पर पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका विषय लखनऊ विश्वविद्यालय का स्वर्णिम इतिहास था। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर कर प्रतिभाग किया। प्रो. प्रशांत श्रीवास्तव और प्रोफेसर उमेश सिंह ने निर्णायक का कार्य किया। प्रतियोगिता में अनन्या अवस्थी को प्रथम, अंजलि सिंह को द्वितीय तथा सुनिधि पटेल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ इन्हें विभागाध्यक्ष और विभाग के शिक्षकों द्वारा स्वर्ण, रजत व कांस्य मेडल प्रदान किया गया।

एनसीसी कैडेट्स ने दिखायी प्रतिभा

लखनऊ। लविवि के एन सी सी के कैडेट्स ने 104वीं स्थापना दिवस के अवसर पर एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें ठउउ के कैडेट्स ने अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कैडेट्स ने समूह गीत, कई राज्यों के लोक नृत्य, देशभक्ति बैलेट, सोलो सिंगिंग और बीट बॉक्सिंग के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया और ठउउ के कैडेट्स की कला एवं समर्पण की सराहना की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय, सम्मानित अतिथि लखनऊ ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा, सांस्कृतिकी की डायरेक्टर प्रो. अंचल श्रीवास्तव, प्रोड्ड अनूप भारती, मेजर प्रो. राकेश शुक्ला, मेजर प्रो. किरन लता डंगवाल, लेफ्टिनेंट कमांडर प्रो. डी. के. सिंह और लेफ्टिनेंट डॉ. रजनीश कुमार यादव उपस्थित रहे और ठउउ के कार्यों की सराहना की। साथ ही उन्होंने कैडेट्स को अपने उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन ने ठउउ के सिद्धांतों–साहस और समर्पण–को फिर से प्रत्यक्ष रूप से उजागर किया।

लविवि में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ का 104 वा स्थापना दिवस सप्ताह 18 नवम्बर से 25 नवम्बर तक मनाया जा रहा है। इस मौके पर इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज द्वारा कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे क्विज, साइंटिफिक स्पॉटिंग, म्यूजिकल चेयर, फन रेस जैसे खेलो में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। संस्था के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी जी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। क्विज में डॉ आकांक्षा मिश्रा सहायक आचार्य, कोऑर्डिनेटर की भूमिका में उपस्थित रही एवं मयंक पांडेय बी. फार्म प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साइंटिफिक स्पॉटिंग में किरण सिंह, सहायक आचार्य, कोऑर्डिनेटर की भूमिका में रही एवं प्रथम स्थान बी. फार्म तृतीय वर्ष की कृति सिंह ने प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर जिसके कोऑर्डिनेटर डॉ. रोहित सिंह सहायक आचार्य, रहे और बी. फार्म प्रथम वर्ष वैष्णवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फन रेस जिसकी कोऑर्डिनेटर डॉ. सौम्या सिंह, सहायक आचार्य रही इसमें अजित गौतम बी. फार्म द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. लुबना आजमी, डॉ. नम्रता सिंह, सहला परवीन, डॉ. प्रणति श्रीवास्तव एवं डॉ. सुनील कुमार, सहायक आचार्य मौजूद रहे।

RAHSTRIYA SAHARA PAGE 5

विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुति ने मोहा मन

लविवि के स्थापना दिवस सप्ताह में हुए विविध कार्यक्रम | श्रीलंका की छात्रा मयूरी ने मेरे ढोलना से लूट ली महफिल

AMRIT VICHAR PAGE 4

दमकता लविवि

लखनऊ विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस सोमवार को मनाया जाएगा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय 104 वर्ष का हो जाएगा। शिक्षा का प्रकाश फैलाने वाला विवि अपनी कांति की तरह विद्युतीय प्रकाश से जगमगा रहा है।

एमकॉम तृतीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 5 को

फाउंडेशन डे फिएस्टा का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फाउंडेशन डे फिएस्टा के अवसर पर जुटे संकाय के छात्र व शिक्षक।

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग ने फाउंडेशन डे फिएस्टा का आयोजन किया। आयोजन विभाग की स्टूडेंट्स जूलॉजिकल सोसाइटी द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मनोरंजन, प्रतिस्पर्धा और सौहार्द का अद्भुत संगम देखने को मिला।

उत्सव में फिश बाउल, गेस द एनिमल साउंड, फ्लिप द बॉटल, डार्ट बोर्ड गेम, और रिंग थ्रोइंग जैसे मनोरंजक खेलों के साथ-साथ बैडमिंटन, म्यूजिकल चेयर, खो-खो, और मजेदार ऑक्टोपस रेस जैसे खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खाने और आइसक्रीम के स्टॉल्स ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया, जहां प्रतिभागी खेलों के बीच स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सके। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ...

▸▸ स्टूडेंट्स जूलॉजिकल सोसाइटी द्वारा किया गया आयोजन

... सौम्या, सुप्रिया, अंजलि, सना, अंकिता, प्रांजना, अशुमिता, जीनत, रूपा, अमृता, प्राची, पल्लवी, याशी, प्रत्युष, पुष्पराज, जितेंद्र, सारा, अतीबा, शाश्वत, प्रशांत, सिमांती, कृतिका, मित्रसेन, और सैफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खेलों ... योगदान रहा।

इस अवसर पर विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम. सिराजुद्दीन ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें वर्षभर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया। विभाग के अन्य शिक्षक प्रो. अमिता कन्नौजिया, प्रो. मोनीषा बनर्जी, प्रो. शैली मलिक, प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. अमित त्रिपाठी और डॉ. मनोज कुमार ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयासों की प्रशंसा की।

9 तक करें प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के लिए आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने नोटिस जारी कर कहा है कि प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के लिए अभ्यर्थी 9 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए विवि ने ईमेल जारी करते हुए कहा कि इस ईमेल पर समस्त जानकारी भेजी जाएगी। विस्तृत जानकारी के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखने को कहा गया है।

डॉ. अभिषेक कुमार को मिला साइंटिस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के फार्माकोग्नॉसी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक कुमार को उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए साइंटिस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी नई दिल्ली द्वारा प्रदान किया गया है। डॉ. अभिषेक कुमार ने अपने शोध में बैलेनाइट्स एजिप्टियाका के फाइटोकैमिकल विश्लेषण से संभावित यौगिक जैसे डायोस्जेनिन, कैफिक एसिड, स्टिग्मास्टेरोल, और फैटी एसिड अलग किए जो मधुमेह रोगी पर उनके घाव भरने की क्षमता में योगदान देने वाले कारक हो सकते हैं।

TOI PAGE 2

Cultural shows by LU students enthral visitors

Lucknow: The fifth day of LU's 104th foundation week celebrations saw vibrant cultural performances.

Shambhavi Mishra skillfully hosted the programme. The evening began with Rajasthani folk dance by Shobhavari, Shreya Yadav, Shreya Mishra, Shruti Singh and Anushka. Sana and Suhani enthralled audience with a Mahabharata-inspired dance while Priya, Shagun and Vaishnavi sang 'Ai Giri Nandini' Deepanshu and Shagun Singh delivered a stunning solo dance and Durga Gupta gave soulful solo singing.

Aryan Kushwaha shed light on the university's rich historical and cultural heritage. TNN

LOKSATYA PAGE 2

लखनऊ विवि में इंटर कॉलेजिएट नेगोसिएशन प्रतियोगिता का उद्घाटन

JAGRAN CITY PAGE I

दैनिक जागरण सबरंग — शहर को जानने के..

लखनऊ विश्वविद्यालय : शिक्षा, संस्कृति और उत्कृष्टता

104 वर्षों की गौरवशाली यात्रा

एनआइआरएफ के शीर्ष 50 में आने का लक्ष्य

नहीं भूले वसंती की चाय — कैंटीन का समोसा

कैनिंग कालेज से लखनऊ विश्वविद्यालय तक

संघर्ष और सपनों की उड़ान

उत्कृष्टता के पड़ाव

जिन शिक्षकों की बदौलत विश्व में बनी पहचान

पूर्व छात्रों ने बनाई पहचान

चुनौतियां और उनका समाधान

डॉ. अभिषेक कुमार को मिला साइंटिस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड